CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:51 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 198 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 30 जनवरी 2025

बड़े पर्दे पर धमाल मचाने की तैयारी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### परिवहन विभाग की सघन प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय खेलों के दृष्टिगत परिवहन विभाग की सघन प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी है । इसी क्रम में हल्द्वानी समेत आस पास के मार्गों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो , टैक्सी, मैक्सी, बस, ट्रक, ई रिक्शा, कार, मोटरसाइकिल आदि वाहन चालकों की परिवहन विभाग के द्वारा चेकिंग की गयी। इस दौरान सीट बेल्ट ,रिफ्लेक्टर, यूनिफॉर्म का प्रयोग नहीं करने, नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग, ओवर स्पीडिंग, हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, ई रिक्शा वाहनों में लाइट बंद कर संचालन, परमिट शर्तो का उल्लंघन आदि के संबंध में प्रवर्तन कार्रवाई कर 168 वाहनों के चालान किए गए साथ ही। दो ऑटो और एक मोटरसाइकिल सहित तीन वाहनों को सीज किया गया । इस दौरान डॉ गुरदेव सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा हल्द्वानी संभाग ने बताया कि आयुक्त महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में रात्रि में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई और पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार के द्वारा संयुक्त वाहन चैकिंग भी की गयी प्रवर्तन कार्रवाई के साथ-साथ परिवहन विभाग के द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा विषयक पंपलेट वितरित किए गए तथा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप भी चस्पा की गई। इस दौरान सहायक परिवहन निरीक्षक आरसी पवार, गिरीश कांडपाल, गोविंद फर्त्याल, नंदन सिंह, गोधन सिंह, चंदन सुप्याल , चंदन डेला, मोहम्मद दानिश, लता , महेन्द्र कुमार आदि सम्मिलित रहे।

### चंडीगढ़ की हरप्रीत बबला बनीं मेयर

**चंडीगढ़।** भाजपा की हरप्रीत कौर बबला चंडीगढ़ की नई मेयर बन गई हैं। सुबह 11 बजे निगम चुनाव के लिए मतदान शुरू हुआ। साढ़े 12 बजे परिणाम घोषित होते ही भाजपाई जश्न में डूब गए। भाजपा को 19 वोट मिले हैं और आम आदमी पार्टी व कांग्रेस गठबंधन को 17 वोट मिले हैं। तीन वोट क्रॉस हुए हैं। यह तीनों वोट कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने किए हैं। इसके साथ ही प्रेमलता हार गई है और हरप्रीत कौर बबला जीत चुकी हैं।

## बैठक: अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को जोड़ने वाले सभी मार्ग होंगे चौड़े

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उच्चाधिकारियों की आपात बैठक बुलाई। इसमें उन्होंने राष्ट्रीय खेलों की अब तक की तैयारियों की समीक्षा की और इसे और अधिक व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। राजधानी देहरादून के रायपुर स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को जोड़ने वाले सभी मार्ग चौड़े किए जाएंगे। दरअसल, राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान रायपुर को जोड़ने वाली सड़कों पर जबरदस्त जाम लग गया था जिसको मुख्यमंत्री ने संज्ञान ले लिया। सीएम के निर्देश के अनुपालन में मुख्य सचिव ने



अधिकारियों को सड़कों के चौड़ीकरण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य सचिवालय में बुधवार को उच्चाधिकारियों की आपात बैठक बुलाई। इसमें उन्होंने राष्ट्रीय खेलों की अब तक की तैयारियों की समीक्षा की और इसे और अधिक व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेडियम को जोड़ने वाले सभी मार्गो को चौड़े किए जाएं। बता दें कि राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शकों ने स्टेडियम का रुख किया था। प्रधानमंत्री की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने के लिए कई स्थानों पर रोका। इससे स्टेडियम की ओर जाने वाले सभी मार्गो पर भारी जाम लग गया। उद्घाटन समारोह संपन्न होने के दौरान भी बदइंतजामी दिखाई दी। सुरक्षा प्रबंधन ढीले पड़ते ही स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल को घेर लिया। मुख्यमंत्री का काफिला भी जाम से प्रभावित हुआ। ट्रैफिक के इन सारे हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को तत्काल बैठक बुलाकर समीक्षा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव की इस बैठक में सचिव स्तर के तकरीबन सभी अधिकारी, राष्ट्रीय खेलों को आयोजन से जुड़े नोडल अधिकारी, पुलिस महानिदेशक पहुंचे। मुख्य सचिव ने कहा कि राजीव गांधी क्रिकेट स्टेडियम में आगे भी कई प्रतियोगिताएं होंगी। हजारों की संख्या में दर्शक वहां पहुंचेंगे। ट्रैफिक जाम की स्थिति से बचाव के लिए यह जरूरी है कि स्टेडियम की ओर जाने वाली सड़कों का चौड़ीकरण किया जाए। उन्होंने सचिव लोनिवि को इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए।

हल्द्वानी शहर से ही प्रयागराज के लिए गईं थी 70 से ज्यादा प्राइवेट बसें

## महाकुंभ भगदड़: उत्तराखंड के 16 लोग फंसे, एक युवक लापता

**प्रयागराज**
एजेंसी

महाकुंभ स्नान के लिए हल्द्वानी शहर से सटे जीतपुर नेगी गांव से गए लोग वहां मची भगदड़ के बाद फंस गए। दल में शामिल एक अन्य युवक बुधवार तड़के से लापता है। उनका फोन भी बंद जा रहा है। साथ गए लोग पिछले कई घंटों से लापता युवक का इंतजार कर रहे है।

प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के लिए हल्द्वानी शहर से सटे जीतपुर नेगी गांव से गए 16 लोग वहां मची भगदड़ के बाद फंस गए। दल में शामिल एक अन्य युवक बुधवार तड़के से लापता है, रात तक उनका कुछ पता नहीं चल सका। उनका मोबाइल फोन भी बंद जा रहा है। अन्य लोग किसी तरह भीड़ से निकलकर झूंसी रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर रहे। जीतपुर नेगी के विजेंद्र कुमार, वीरवती, मयंक, प्रियांशु, धरमपाल, भगवती, जयराम सहित 17 लोग हल्द्वानी से मंगलवार को ट्रेन से प्रयागराज रवाना हुए थे। मंगलवार रात 10 बजे वे लोग वहां पहुंच गए। दल में शामिल विजेंद्र ने फोन पर बताया कि वहां से वे लोग सीधे स्नान के लिए संगम की तरफ गए। वहां



रात में अचानक भगदड़ मच गई। दल के सभी लोग किसी तरह से वहां से निकलकर आए और झूंसी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। यहां से दल के एक व्यक्ति प्रेम शंकर मौर्य गायब थे।

प्रत्यशदर्शी ने बताया कि जब उनके फोन पर कॉल की दो बार घंटी गई और उसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। विजेंद्र ने बताया कि पिछले 19 घंटे से वे सभी प्रेम शंकर के इंतजार में हैं। उन्होंने बताया कि यहां हर तरफ लोगों का रैला दिख रहा है। किससे पूछे कहां मदद मांगे कुछ समझ में नहीं आ रहा है। रेल व बस सभी सेवा बंद है। सभी परेशान हैं और मदद की आस लगाए बैठे हैं। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए हल्द्वानी शहर से ही 70 से ज्यादा बसें श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हुईं। इन बसों से 3500 से ज्यादा लोग गए हैं। वहां मची भगदड़ के बाद बुधवार तड़के तीन बजे इन बसों को प्रयागराज से तकरीबन 70 किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया। स्थिति सामान्य होने के बाद इन बसों को धीरे-धीरे रवाना किया गया। बसों के यात्रियों ने बताया कि 70 किलोमीटर का सफर उन लोगों ने 12 से 15 घंटे में तय किया। बुधवार की देर रात आठ बजे तक ये बसें प्रयागराज पहुंचीं और यात्रियों ने अलग-अलग घाटों पर स्नान किया।

## उत्तराखंड का खाता खुला बागेश्वर की ज्योति ने वुशु में जीता पहला पदक

**राष्ट्रीय खेल**
- खेल मंत्री ने दी बधाई

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

राज्य को पहला पदक दिलाने वाली ज्योति बागेश्वर जिले की हैं। वह अपने गृह जनपद में ही पुलिस में तैनात हैं। 38वें राष्ट्रीय खेलों में बुधवार को उत्तराखंड का खाता खुल गया। मार्शल आर्ट वुशु की चांगक्वान प्रतियोगिता में राज्य की ज्योति वर्मा ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य को पहला पदक मिलने पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने बधाई दी है। राज्य को पहला पदक दिलाने वाली ज्योति बागेश्वर जिले की हैं। वह अपने गृह जनपद में ही पुलिस में तैनात हैं। प्रतियोगिता में मणिपुर, मध्य प्रदेश, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, बिहार, गोवा और उत्तराखंड ने प्रतिभाग किया। खेल मंत्री ने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत की है। उत्तराखंड की टीमें दूसरे खेलों में भी पदक जीतेंगी।



## आज 38वें नेशनल गेम्स के तहत हल्द्वानी मिनी स्टेडियम में फुटबॉल का रोमांचक मुकाबला

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

38वें नेशनल गेम्स के तहत हल्द्वानी मिनी स्टेडियम में आज फुटबॉल का रोमांचक मुकाबला खेला गया।

जिसमें दिल्ली ने सर्विसेज को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन दिल्ली की टीम ने निर्णायक बढ़त हासिल कर ली।दिल्ली की ओर से पहला गोल आदित्य ने किया, जबकि ताऊथाग ने दूसरा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की। वहीं, सर्विसेज की टीम की ओर से एकमात्र गोल हुआ, लेकिन वह मैच को बराबरी पर नहीं ला सके।मैच के बाद खिलाड़ियों ने पत्रकारों से बातचीत में हल्द्वानी मिनी स्टेडियम की सराहना की।



उन्होंने कहा कि यह ग्राउंड इंटरनेशनल स्तर का है, जो देश में बहुत कम जगहों पर देखने को मिलता है। खिलाड़ियों ने उच्च स्तर की सुविधाएं प्रदान करने के लिए खेल विभाग, इवेंट कंपनी, स्थानीय प्रशासन और पुलिस का आभार जताया। हल्द्वानी में इस प्रकार के बड़े टूर्नामेंट के आयोजन से उत्तराखंड में खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयां मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## हादसा: महाकुंभ से लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत, तीन घायल

**प्रयागराज**
एजेंसी

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार और रोडवेज बस की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि तीन लोग जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं।

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या का स्नान करके लौट रहे श्रद्धालुओं की कार और बस में आमने- सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि कार सवार तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। एक सप्ताह पूर्व वैगनआर कार से छह लोग प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या का स्नान करने निकले थे।



स्नान के बाद श्रद्धालु अपनी कार में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। कार को संजय सिंह चला रहा था। उसमें उनका परिवार व उनके करीबी दोस्त का परिवार भी था। रात करीब 11 बजे कार सवार श्रद्धालु प्रयागराज से अपने घर के लिए निकले। करीब तीन बजे सतहरिया पुलिस चौकी के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही खाली रोडवेज बस से आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार सभी लोग बुरी तरह से फंस गए। तेज आवाज और चीख-पुकार सुनकर सतहरिया चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्रा मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर कार में फंसे लोगों को कटर की मदद से किसी तरह बाहर निकाला। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने कार ड्राइवर संजय सिंह (55) निवासी महाराजगंज, बिंदु सिंह (45) निवासी गोरखपुर, विमला देवी (58) निवासी गोरखपुर को मृत घोषित कर दिया।

हादसे में कार सवार विधावती (60) निवासी महाराजगंज, किरन देवी तिवारी (40) निवासी महाराजगंज, महेश तिवारी (50) गंभीर रूप घायल हो गए। जिन्हें डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। हादसे के बाद करीब घंटों जाम लगा रहा। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र के मुताबिक रोडवेज व श्रद्धालुओं से भरी कार की आमने- सामने की टक्कर हुई। जिसमें तीन की मौत व तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

# साइबर अवेयरनेस तीन दिवसीय शिविर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार में जिले में साइबर अवेयरनेस के विषय पर संचालित तीन दिवसीय अभियान के अंतर्गत जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के नेतृत्व में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी द्वारा जागरूकता रैली का निकाली गई। रैली को जिला न्यायाधीश द्वारा हरि झंडी दिखा कर न्यायालय परिसर से रवाना किया गया। जिला न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि उत्तराखंड उच्च न्यायालय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में,साइबर अपराध के संबंध में जागरूकता के विषय पर यह तीन दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया,जिसके तहत विभिन्न संस्थानों, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।अभियान के समापन पर यह विशेष रैली का आयोजन किया गया है,जिसमें न्यायपालिका , जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, अधिवक्तागण, प्रॉसिक्यूशन, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के छात्र, बीडी पांडेय के छात्र, अधिकार मित्र,द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ते साइबर अपराध से बचने का संदेश आम जनमानस को देने का प्रयास किया है। आज के आधुनिक युग में जब टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ गया है तो ऐसे में साइबर अपराध के विषय में जागरूक होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान रैली में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा कुशवाहा, सिविल जज जूनियर डिविजन तनुजा, एडीएम शिवचरण द्विवेदी,एसपी क्राइम जगदीश चंद्रा, सीओ ऑपरेशन सुमित पाण्डे, डीजीसी क्रिमिनल सुशील कुमार,चीफ एलए डीसी सोहन तिवारी, डिप्टी एलए डीसी हेमा शर्मा , सहायक एलए डी सी प्रीता भट्ट, अधिकार मित्र उमा भंडारी,अंबिका , डीएल एसए कार्यालय टीम समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### पर्यटक की कार से कार टकराई, मोबाइल तोड़ा

**नैनीताल** । नगर की भवाली रोड में कार से ओवरटेक करते समय पर्यटक की कार से कार को टक्कर लग गई, जब कार चालक ने पर्यटक को रोका तो पर्यटक ने गुस्से में युवक का मोबाइल भी तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी जसवंत अपनी कार में भवाली से नैनीताल को आ रहा था। इस दौरान दिल्ली के पर्यटकों की कार ने उससे पास लिया। पास लेने के दौरान पर्यटकों की कार जसवंत की कार से टकरा गई। जब उसने पर्यटकों से कार रोकने को कहा तो दिल्ली के पर्यटक उससे अभद्रता पर उतर आए। उसने शिकायत करने की बात कहते हुए मोबाइल निकाला तो पर्यटक ने उसका मोबाइल जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। सूचना पुलिस के पास पहुंची तो दोनों पक्षों को नैनीताल बुलाया गया। जहां पर्यटक युवक से अभद्रता पर उतर आए। पुलिस की फ टकार के बाद पर्यटक शांत हुए। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि वाहन चालक का टूटा मोबाइल पर्यटक ने सही करा दिया है वहीं पर्यटक दिल्ली निवासी सौरभ श्रीवास्तव के खिलाफ 81 पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई भी की गयी है।

### राज्यपाल ने किया भव्या बुधानी को सम्मानित



**नैनीताल**। मजबूत लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान होना जरूरी है। इसी कड़ी में लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कि उत्तराखण्ड के कुल 790 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इसमें हल्द्वानी निवासी व आर्यमान विक्रम बिरला इंस्टीस्टूट ऑफ लर्निंग स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा भव्या बुधानी पुत्री डॉ0 संदीप कुमार बुधानी को देहरादून में हुए एक कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से0नि द्वारा सम्मानित किया गया। भव्या के पिता डॉ0 संदीप कुमार बुधानी वर्तमान में ग्राफिक एरा भीमताल में स्कूल ऑफ कम्प्यूटिंग के विभागाध्यक्ष हैं एवं माता डॉ0 नीलिमा बुधानी उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग में कार्यरत हैं। बिरला स्कूल हल्द्वानी के प्रधानाचार्यए कोआडिनेटर एवं सभी शिक्षकों द्वारा भी भव्या को सम्मानित किया गया एवं बधाई दी।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कार्यवाईयों को रोकना होगा: मिगलानी



**नैनीताल**। लोग समय समय पर सोशल मीडिया पर या अन्य सामाजिक प्लेटफार्म पर किसी जाती विशेष पर अभद्र टिप्पणी कर समाज में अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास करते है ऐसे में कानून में क्या व्यवस्था है इसके लिए कानून के जानकार वरिष्ठ हाई कोर्ट के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 299 के तहत, किसी धर्म या उसकी मान्यताओं का जान-बूझकर अपमान करने पर सज़ा का प्रावधान है। इस धारा का मकसद, किसी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कार्यवाईयों को रोकना है।
बीएनएस की धारा 299 के तहत सज़ा इस धारा के तहत दोषी को तीन साल तक की जेल हो सकती है। जुर्माना भी लगाया जा सकता है। सज़ा कोर्ट की विवेक पर निर्भर करती है।
कोर्ट, अपराध की गंभीरता और परिस्थिति को देखते हुए सज़ा तय करता है।
बीएनएस की धारा 299 के तहत अपराध मौखिक, लिखित, डिजिटल संचार, और दृश्य प्रस्तुतियों के ज़रिए धर्म या उसकी मान्यताओं का अपमान करना।
किसी धर्म या उसकी मान्यताओं का अपमान करने का प्रयास करना।
मिगलानी ने बताया कि सोशल मीडिया में अगर कोई ऐसा कार्य करता है तो उसपर इस धारा के साथ आईटी एक्ट 2000 की भी गंभीर धाराएं लगाई जा सकतीं है, आईटी एक्ट में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से किये जाने वाले अपराधों को रोकने एवं उस से जुड़े अपराधों की सज़ा देने के लिए बनाया गया था। सोशल मीडिया से सम्बंधित अपराध भी आई टी एक्ट के अंतर्गत ही आते हैं।




# अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता अभियान के तहत सुरक्षा गोष्ठी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा रेंज में बुधवार को अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता अभियान के तहत सुरक्षा गोष्ठी और जन जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान रेंज अधिकारी मुकुल शर्मा, उप रेंज अधिकारी आनंद प्रकाश समेत वन आरक्षी शिव सिंह, राधा देवी तथा सुमन ने जंगलों में आग लगने की घटनाओं, विभाग के प्रयासों, जन सहयोग की जरूरत और आग से होने वाले पेड़ पौधों वन्य जीव व पर्यावरण को होने वाले नुकसान और उसके दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि जंगलों में आग लगाना या अन्य ऐसे कृत्य जो प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहे हैं कानूनन अपराध है और पकड़े जाने पर सजा भी हो सकती है। गोष्ठी में एकता समूह, ऐपाल देवता, शिखर समूह, सखी सहेली,कवि निधि समूह, उन्नति महिला आजीविका एम संगठन से जुड़े संगठनों और महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान भीमताल ब्लाक से पीएपी शकुन्तला नेत्री सुधा मनराल, हंसी जोशी,लक्ष्मी व जानकी तथा हेमा बिष्ट आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया और अग्नि काल में विभाग को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# पेंटर पर लगाया पैसे के गबन करने का आरोप

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**जांच**

- **मुकदमा दर्ज मामले में जांच शुरू कर दी**

तल्लीताल क्षेत्र में एक व्यक्ति ने हल्द्वानी के एक पेंटर पर पैसे के गबन करने का आरोप लगाया है। व्यक्ति की शिकायत पर तल्लीताल थाना पुलिस ने पेंटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले में प्राथमिकता से जांच शुरू कर दी गई है।

शिकायत करते हुए जोखिया तल्लीताल निवासी सुपरवाइजर प्रशांत गिरी ने कहा कि भवाली- नैनीताल रोड स्थित जोखिया में उनकी मैडम माधवी शर्मा का मकान है, जहां फ रवरी 2024 से रिपेयर व पेंट का कार्य चल रहा है। हल्द्वानी के एक ठेकेदार ने पेंट के काम के लिए बीते जुलाई में पेंटर सोनू सैफी को मैडम के पति से मिलवाया था।

उन्होंने तय किया कि सोनू सैफ ी को लेबर कॉस्ट दो लाख पचास हजार में पेन्ट पॉलिस व इससे संबंधित अन्य काम का दिया गया। कार्य की शुरूआत में सोनू सैफ ी ने तीन लाख 20 हजार पेंट का पूरा सामान एक दुकान से ले लिया। अगस्त में सोनू सैफ ी ने कहा कि कोहली पेन्टस पर सामान नहीं मिल रहा है जिस पर उसको अन्य दुकान से सामान उठाने की बात कही। वह लगभग 11 लाख रुपये का पेन्ट का सामान बिना बताए उठा लाया।

भुगतान की सूचना आने पर सोनू सैफ ी पेन्टर की यह बात पता चली। पूछताछ करने पर वह इधर-उधर की बातें करने लगा और काम पूरा करने का भी आश्वासन दिया लेकिन सोनू सैफी ने काम नहीं किया। छानबीन में पता चला कि उसने पेंट खरीदने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी कर ली है जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल रहा है। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मामले में सोमवार को इंद्रानगर निवासी सोनू सैफी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2) व 318 (4) के तहत मुकदमा दर्ज मामले में जांच शुरू कर दी है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# बछिया से कुकृत्य किये जाने के मामले अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल स्थित गौशाला में बंधी 11 महीने की बछिया से कुकृत्य किये जाने का मामले की शिकायत के बाद पशुपालन विभाग ने मेडिकल कर रिपोर्ट पुलिस प्रशासन को सौंपी। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

जानकारी के अनुसार आवागढ़ निवासी रेनू पांडे बुधवार की सुबह गौशाला में बंधी उसकी गाय और बछिया को देखने पहुंची। इस दौरान वह गौशाला पहुंची तो गौशाला के कमरे का ताला टूटा हुआ था। उसने गौशाला के अंदर जाकर देखा तो 11 माह की बछिया का पिछला पैर छत से लटकाकर बांधा गया था, वहीं बछिया की आंख के समीप चोट और सूजन भी दिखाई दी। बछिया की हालत देख महिला को कुकृत्य किये जाने का अंदेशा हुआ तो उसने अन्य लोगों को सूचित कर दिया। सूचना मिलने के बाद विश्व हिंदू परिषद व व्यापार मंडल तथा अन्य कार्यकर्ताओं समेत पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल भी वहां पहुंच गई, जिसके बाद तक कार्रवाई की मांग को लेकर गौशाला में देर तक हंगामा होता रहा।

लोगों की मांग पर पशु चिकित्साधिकारी ने बछिया का इलाज किया, साथ ही प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले में संबंधित धाराओं के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जेके सीमेंट प्लांट में बड़ा हादसा, निर्माणाधीन स्लैब गिरा, पांच मजदूरों की मौत, कई घायल

**पन्ना**

**एजेंसी**

पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में आने से 5 मजदूरों की मौत हो गई।

पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब डाली जा रही थी, जहां सैकड़ों मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भाड़ा (स्कैफोल्डिंग) गिर गया, जिसकी चपेट में आने से 5 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि करीब 50 मजदूर घायल हुए हैं। कंपनी के सूत्रों ने बताया कि राहत बचाव कार्य किया जा रहा है। मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही



मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। एम्बुलेंस भी मौके पर हैं, वहीं गंभीर घायल हुए मजदूरों को कटनी रेफर कर दिया गया है। सुरक्षा को देखते हुए फैक्टरी के अंदर प्रवेश पूरी तरह से रोक दिया गया है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मलबे में फंसे मजदूरों को निकालने में जुटी हुई हैं।

पन्ना के जेके सीमेंट प्लांट में स्लैब गिरने से हुए हादसे में कई लोगों के मरने की सूचना हृदय विदारक है। इस घटना में मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। सरकार द्वारा घटना में मृत और घायलों के आंकड़ों की सही जानकारी अबतक प्राप्त नहीं हुई है। मोहन सरकार को इस घटना की शीघ्र जांच कराकर घटना के पीछे के कारणों का पता लगाना चाहिए एवं इस घटना में सरकार द्वारा मृतकों को उचित मुआवजा भी प्रदान किया जाना चाहिए।

# अभिमत

## एक और लापरवाही

*ऊर्जा निगम की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। हल्द्वानी में बिना शटडाउन लिये एक श्रमिक को ट्रांसफार्मर पर काम करने के लिए चढ़ा दिया गया। करेंट लगने से वह झुलस कर जमीन पर गिर गया। उसके सहयोगियों और आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने हमेशा की तरह जांच कराने का घिसापिटा बयान देकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली। लाइन मेन्टीनेंस का कार्य ऊर्जा निगम ने पूरी तरह से अनुबंधित एजेंसियों के भरोसे छोड़ दिया है।*

पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर ऊर्जा प्रदेश बनाने का दावा किया गया था। राज्य अपनी रजत जयंती मना रहा है और सबसे अधिक दयनीय स्थिति बिजली विभाग की है। ऊर्जा निगम की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। हल्द्वानी में बिना शटडाउन लिये एक श्रमिक को ट्रांसफार्मर पर काम करने के लिए चढ़ा दिया गया। करेंट लगने से वह झुलस कर जमीन पर गिर गया। उसके सहयोगियों और आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। अधिकारियों ने हमेशा की तरह जांच कराने का घिसापिटा बयान देकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली। लाइन मेन्टीनेंस का कार्य ऊर्जा निगम ने पूरी तरह से अनुबंधित एजेंसियों के भरोसे छोड़ दिया है। एजेंसी अकुशल श्रमिकों को सप्लाई के साथ हाईटेंशन लाइन में काम करने को भेज देती है। पहले भी बिजली की लाइन पर काम करते हुए श्रमिक दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। मीडिया द्वारा ऊर्जा निगम से एजेंसियों के श्रमिकों के विवरण की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो विभाग के पास डाटा तक नहीं है। उत्तराखंड में बिजली विभाग के अधिकतर कार्य ठेकेदारी के तहत संचालित हो रहे हैं। पेयजल, सीवरेज और अन्य विभागों का काम भी ठेकेदारों को धीरे-धीरे सौंपा जा रहा है, ऐसी स्थिति में निजीकरण पर सवाल उठना लाजिमी है। सबसे अहम प्रश्न यह है कि जब सभी विभागों का निजीकरण हो जायेगा तो सरकार क्या करेगी? विभिन्न संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन का सरकार पर असर नहीं हो रहा है। ठेका लेने वाली एजेंसियां अकुशल कर्मचारियों से जोखिम वाले काम करा रही हैं। बिजली का कार्य करते हुए अनेक श्रमिक मर चुके हैं, लेकिन सरकार की नजरों में श्रमिकों की जान की कोई अहमियत नहीं है। सरकारी विभागों में कर्मचारियों की नई नियुक्ति नहीं की जा रही हैं। ठेकेदारी से काम चलाया जा रहा है। सरकार की दलील है कि विभागों के स्थायी कर्मचारी जिम्मेदारी से काम नहीं करते हैं, सरकारी कर्मचारियों का वेतन, भत्ता, अन्य सुविधा तथा पेंशन का खर्च कम किया जा रहा है। ठेके पर काम कराना सस्ता पड़ता है। यदि सरकारी विभागों का संचालन ठेके पर किया जाना उचित है तो सांसद, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों का चुनाव करके सरकार बनाने की क्या जरुरत है। केन्द्र और राज्य सरकारों को भी ठेकेदार को सौंप दिया जाना चाहिए। सच यह है कि अनुबंधित एजेंसियां किसी न किसी पार्टी के नेताओं के परिवार वाले ही संचालित कर रहे हैं। इसीलिए अकुशल श्रमिकों की जान से खिलवाड़ करने पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

# यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को समीक्षा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को जिला कार्यालय में हल्द्वानी की यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के दृष्टिगत विभिन्न सड़कों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने नेशनल हाइवे के अंतर्गत गतिमान रामनगर-काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण समेत काठगोदाम से नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के प्रस्ताव की प्रगति के साथ ही रानीबाग में अंडरपास के साथ ही गुलाबघाटी के ट्रीटमेंट तथा हल्द्वानी की ट्रैफिक समस्या के समाधान हेतु वैकल्पिक सड़कों को लेकर बैठक में गहन मंथन किया। उन्होंने वैकल्पिक मार्गों व सड़कों के चौड़ीकरण के लिए लोनिवि और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

बैठक में डीएम वंदना सिंह ने लोनिवि भवाली डिवीजन से मुख्यमंत्री की घोषणाओं में शामिल गुलाबघाटी के वैकल्पिक मार्ग तथा काठगोदाम बायपास गौला पुल से पहले से अमृतपुर तक जाने वाले मार्ग की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि एक पुल सहित 3.5 किमी लंबे इस मार्ग के बनने से हल्द्वानी बाइपास से आने वाले इस मार्ग से भीमताल व अन्य पर्वतीय रूटों को चले जाएंगे इससे गुलाबघाटी मार्ग पर वाहनों का दबाव कम होगा, लोनिवि अधिकारियों ने बताया कि इस रूट का सर्वे हो गया है और लगभग ढाई हेक्टेयर वन भूमि का हस्तांतरण बाकी है। इसका प्रस्ताव ऑनलाइन किया जा चुका है। इस पर डीएम ने कहा कि वन अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर इस पर जल्द से जल्द काम किया जाए। वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के साथ साथ मार्ग निर्माण की डीपीआर भी तैयार कर ली जाए। डीएम वंदना सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों और लोक निर्माण विभाग हल्द्वानी को नरीमन चौक से गौला पुल तक सड़क चौड़ीकरण के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए कहा। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि यह हिस्सा मूल प्रोजेक्ट में शामिल था लेकिन भूमि पर अतिक्रमण होने की वजह से अटक गया था। जिलाधिकारी ने कहा कि अब अतिक्रमण हटा दिया गया है इसलिए इसका चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाए ताकि बजट का सदुपयोग हो सके। इसके अलावा उन्होंने गुलाबघाटी मार्ग के चौड़ीकरण की भी जानकारी ली। अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग ने बताया कि रानीबाग और गुलाबघाटी के लिए कंसल्टेंसी निविदा 5 फ रवरी (बुधवार) को खोली जाएगी जिसके बाद इसका सर्वे तथा क्त्् की कार्यवाही होगी । इस पर डीएम ने कहा कि इसको लेकर जल्द से जल्द सभी औपचारिकताएं पूरी की जाएं। डीएम ने उपजिलाधिकारी नैनीताल को काठगोदाम से नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग का रोड सेफ्टी ऑडिट शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए । डीएम ने कहा कि आपदा सीजन शुरू होने से पूर्व वैकल्पिक मार्गों को तैयार करने का प्रयास किया जाए ताकि पर्वतीय रूटों पर कनेक्टिविटी बनी रहे। इससे आमजन को सहूलियत के साथ ही आवश्यक वस्तुओं की भी आपूर्ति संभव होगी। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी पी आर चौहान, ईई (एनएच) प्रवीण कुमार, लोनिवि के अशोक चौधरी, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा तथा श्री कैंची धाम तहसील के एसडीएम विपिन पंत आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## कैंटर की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत, साथी गंभीर घायल

**अमरोहा।** दिल्ली जा रहे बाइक सवारों को कैंटर ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें पॉलिटेक्निक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। उसका बिहार निवासी साथी जख्मी हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गजरौला में कैंटर की टक्कर से बाइक सवार उत्तराखंड के काशीपुर के केशवपुरम कॉलोनी निवासी पॉलिटेक्निक छात्र राम प्रताप (23) पुत्र निर्भय सिंह की मौत हो गई। उसका साथी बिहार के वैशाली निवासी रवि घायल हो गया। टक्कर मार कर कैंटर को लेकर चालक भाग गया। पुलिसकर्मी घायल को निजी अस्पताल में ले गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दोनों दिल्ली की तरफ जा रहे थे। हादसा बृहस्पतिवार सुबह 7.30 बजे ब्रजघाट पुलिस चौकी के निकट हुआ। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि ब्रजघाट चौकी के पुलिसकर्मियों को खबर मिली कि मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले वाहनों की लेन पर कैंटर ने बाइक को रौंद दिया है। तुरंत पुलिसकर्मी हादसा स्थल पर गए।

# नैनीताल बैंक की नई शाखा लामाचौड़ एवं रानीबाग शाखा का उद्घाटन हुआ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




नैनीताल बैंक की नवीन शाखा लामाचौड़ एवं रानीबाग शाखा के नए परिसर का उद्घाटन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल मोहन द्वारा हल्द्वानी स्थित नवसुसज्जित परिसर में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान निखिल मोहन ने प्रतीक स्वरूप फ ीता काटा तथा उद्घाटन से संबन्धित अन्य औपचारिकताएं पूरी की।

इस मौके पर निखिल मोहन ने बैंक की महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि बैंक अनेक योजनाओं के माध्यम से औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सरल एव सस्ती दरों पर ऋण सुविधाएं प्रदान करने हेतु कृत संकल्प है। कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक, बैंक के संचालक मंडल तथा बैंक ऑफ बडौदा के प्रबंध तंत्र के मार्गदर्शन में पिछले कुछ वर्षों में बैंक ने अपना नया आयाम एवं मील का पत्थर स्थापित किया है। क्षेत्रीय प्रबंधक संजय लाल शाह ने बताया कि यह बैंक की 173 वीं शाखा का उद्घाटन है तथा यह हल्द्वानी रीजन की 70वीं शाखा है। बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. दीपक पंत ने समस्त आगंतुकों का आभार व्यक्त किया तथा ग्राहकों को बैंक द्वारा दी जा रही समस्त सुविधाओं की जानकारी दी तथा देश-प्रदेश की प्रगति एवं भारत सरकार के 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना के क्रियान्वयन में नैनीताल बैंक की भूमिका सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान आशीष भट्ट क्षेत्रीय उपप्रबंधक, प्रदीप सिन्हा परिसर विभाग प्रमुख, लामाचौड़ शाखा प्रबंधक राजेश जोशी एवं रानीबाग शाखा प्रबंधक श्री विवेक शर्मा समेत अंजलि वत्स, संजय सिंह किरौला, दिलीप किरौला, प्रवीन्द्र रौतेला, ग्राम प्रधान सतवंत सिंह, दीप चंद्रा, के सी तिवारी, बी एम मेहता, डी के कांडपाल सहित अनेक ग्राहक व बैंक के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# फिल्मी दुनिया

## बड़े पर्दे पर धमाल मचाने की तैयारी में रवि तेजा



*रवि तेजा की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। वह मास जतारा के बाद निर्देशक कल्याण शंकर के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते हैं। मास महाराजा के नाम से मशहूर रवि तेजा जल्द ही नई फिल्म मास जतारा में नजर आने वाले हैं। यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन भानु भोगवरपु ने किया है। हाल ही में फिल्म की झलकियां साझा की गई थी, जिसमें रवि तेजा के पुराने अंदाज की झलक देखने को मिली। इसे देखने के बाद उनके फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी तक घोषित नहीं की गई है, लेकिन खबरें हैं कि इसे 2025 की गर्मियों के महीने में रिलीज किया जा सकता है। इस बीच रवि तेजा की एक ओर फिल्म पर बड़ा अपडेट आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रवि तेजा अब चर्चित निर्देशक कल्याण शंकर के साथ काम करने जा रहे हैं। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक रवि तेजा को कल्याण शंकर की स्क्रिप्ट बेहद पसंद आई, जिसके बाद उन्होंने तुरंत ही इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी सहमति दे दी। यह फिल्म सितारा एंटरटेनमेंट्स की ओर से प्रोड्यूस की जाएगी। फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है।*

### मैड 2 में बिजी हैं कल्याण शंकर

*मौजूदा समय में कल्याण शंकर अपनी फिल्म मैड 2 के पोस्ट-प्रोडक्शन में व्यस्त हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की रिलीज के बाद ही वह रवि तेजा की फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर काम शुरू करेंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म के शैली और कहानी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। माना जा रहा है कि फिल्म बड़े बजट की होगी।*

# आपदा प्रभावित चुकुम गांव और आंशिक अमरपुर को विस्थापित के लिए प्रस्ताव

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले के रामनगर ब्लाक के प्राकृतिक आपदा से प्रभावित चुकुम गांव और आंशिक अमरपुर को विस्थापित करने के लिए प्रस्ताव को अंतिम रूप दे दिया गया है ।

इसी क्रम में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार नैनीताल में सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की । बताया कि पुर्नवास हेतु नवीन पुनर्वास नीति 2021 के तहत ग्राम चुकुम एवं आंशिक अमरपुर के निवासरत परिवारों के लिए को आमपोखरा में शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, प्रस्तावित भूमि का भूगर्भीय निरीक्षण करने के बाद जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की संस्तुति के साथ ही शासन को प्रस्ताव जल्द ही प्रेषित किया जाएगा। बता दें कि आपदाग्रस्त गांव चुकुम तथा आंशिक अमरपुर का भी विस्थापन का प्रस्ताव तहसील स्तर से पूर्ण हो चुका था। इन सभी के लिए आम पोखरा में भूमि प्रस्तावित की गई है। उक्त ग्राम हाथी कॉरिडोर के अंतर्गत भी प्रभावित होने के कारण विस्थापन हेतु प्रस्तावित हैं। बैठक में एसडीएम रामनगर राहुल शाह ने बताया कि चुकुम में पूर्व में हुए सर्वे के अनुसार 97 परिवार मूल रुप से निवासरत पाये गए जिसमें 45 परिवार अनुजाति और 52 परिवार सामान्य जाति के हैं, जिसमें अनु जाति के 22 परिवार के नाम चुकुम जबकि सामान्य में 8 परिवार के नाम कोई भूमि दर्ज नहीं है। यह सभी परिवार राज्य सरकार के भूमि पर काबिज है। आंशिक अमरपुर में कुल 39 परिवार निवासरत है।

जिसमें अनु जाति के 11 और सामान्य जाति के 28 परिवार हैं। जिसमें अनु जाति के 9 परिवार और सामान्य जाति के 28 परिवार के नाम कोई भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं और राज्य सरकार की भूमि पर काबिज हैं। बताया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार के पुनर्वास व विस्थापन हेतु वर्तमान में नवीन पुनर्वास नीति 2021 के अन्तर्गत प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाएगा। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल समेत अपर जिलाधिकारी पी. आर. चौहान, उप जिलाधिकारी रामनगर राहुल शाह सहित अन्य मौजूद रहे।

# एसओजी और मुखानी पुलिस ने 6 शातिर ठगों को गिरफ्तार किया



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एसएसपी प्रहलाद मीणा के नेतृत्व में साइबर धोखाधड़ी में शामिल एक बड़े गैंग का पर्दाफाश किया गया है। एसओजी और मुखानी पुलिस की संयुक्त टीम ने 6 शातिर ठगों को गिरफ्तार किया, जिनमें गैंग के मास्टर माइंड सहित अन्य सदस्य शामिल थे। ये लोग फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेजों का इस्तेमाल कर बैंक खातों में धोखाधड़ी करने के लिए खातें खुलवा रहे थे।

घटना की शुरुआत तब हुई जब एसओजी प्रभारी उ.नि. संजीत राठौर को सूचना मिली कि बाहरी राज्यों से आए कुछ लोग हल्द्वानी में फर्जी आधार कार्ड बनवाकर साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले बैंक खाते खुलवा रहे हैं। इसके बाद एसएसपी प्रहलाद मीणा ने एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र और सीओ सिटी श्री नितिन लोहनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की।

एसओजी और मुखानी पुलिस की टीम ने 29 और 30 जनवरी 2025 की रात मुखानी क्षेत्र के तारा कंपलेक्स में छापेमारी की। यहां छह व्यक्ति एक कमरे में फर्जी दस्तावेजों के साथ पकड़े गए। उनकी तलाशी लेने पर विभिन्न बैंकों के खाता खोलने के फॉर्म, फर्जी आधार कार्ड, स्टांप और उद्यम विभाग के फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र सहित अन्य सामग्री बरामद हुई। पूछताछ में यह सामने आया कि यह गैंग फर्जी आधार कार्ड के माध्यम से उद्यम विभाग में रजिस्ट्रेशन करवाते थे और फिर उसी आधार पर विभिन्न बैंकों में खातें खोलवा कर उनका एटीएम और चेकबुक अपने गैंग के सदस्य चार्ली उर्फ के.के. को भेजते थे। इस प्रक्रिया में हर खाता खोलने पर 25,000 रुपये की राशि मिलती थी और इसके बाद लेन-देन पर 10 से 15 प्रतिशत कमीशन भी प्राप्त होता था। पुलिस ने गैंग के मास्टर माइंड राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रघ्घु, जो इस फर्जीवाड़े का मुख्य संचालक था, को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा, गैंग के अन्य सदस्य लकी, रोहन खान, आकाश सिंह, दीपक और रॉकी को भी गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से चार फर्जी रबर स्टैम्प, कई आधार कार्ड, पेन कार्ड, फर्जी रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, और अन्य जरूरी सामग्री बरामद की गई।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है। इस मामले में फर्जी दस्तावेज बनाने वाले व्हाट्सएप यूजर एस्कैम और सरगना चार्ली उर्फ के.के. की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। एसएसपी प्रहलाद मीणा ने पुलिस टीम की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें 2,500 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## News कॉर्नर

### प्रदेश में छठे राज्य वित्त आयोग का गठन

**देहरादून।** प्रदेश में छठे राज्य वित्त आयोग का गठन किया गया। तीन सदस्यीय आयोग में पूर्व आईएएस पीएस जंगपांगी और डॉ. एमसी जोशी शामिल हैं। प्रदेश सरकार ने छठे राज्य वित्त आयोग का गठन कर दिया है। पूर्व मुख्य सचिव एन रविशंकर आयोग के अध्यक्ष बनाए गए हैं। पूर्व आईएएस अधिकारी पीएस जंगपांगी और डॉ. एमसी जोशी को आयोग का सदस्य बनाया गया है। आयोग का एक साल का कार्यकाल होगा, जो एक अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए अपनी सिफारिश देगा। इस अवधि में वह त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति का आकलन करेगा और अपनी सिफारिशें तैयार कर राज्यपाल को सौंपेगा। अपर सचिव वित्त डॉ. अहमद इकबाल आयोग का सचिव बनाया गया है। अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन ने आयोग के गठन की अधिसूचना जारी की। वित्त आयोग करों, शुल्कों, टोल और फीसों की शुद्ध आय अपने-अपने हिस्से का सभी स्तरों पर पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों के बीच आवंटन करेगा और उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के उपाय सुझाएगा।

# दर्जन भर शराब माफियाओं ने युवक पर किया जनलेवा हमला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



भीम आर्मी के नगर अध्यक्ष विकास कुमार चौहान के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया जिसमें लिखा गया कि शराब माफियाओं द्वारा देवेंद्र कुमार आर्य पर उनके घर के सामने तमंचे की बट और हॉकी से 10, 15 लोगों ने जानलेवा हमला कर अधमरा कर दिया।

अपहरण करने के बाद गाड़ी में बहुत बुरी तरह मारा पीटा तथा दोनों मोबाइल और पैसे छीन कर ले गए और जंगल की झाड़ियों में मरा हुआ समझ कर फेंक गए! परिजनों द्वारा सोबन सिंह जीना हॉस्पिटल में इलाज कराया और मेडिकल बनवाकर 20 जनवरी को मुखानी थाने में शिकायत की गई परन्तु पीड़ित को समझा बुझा कर भेज दिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद मामूली धाराओं में केस दर्ज कर इत्रश्री कर ली गई लेकिन कोई गिरफ़्तारी नहीं की गई, 10 दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी क्यूँ नहीं की गई के संबंध में ज्ञापन दिया गया, पुलिस अधीक्षक ने तुरंत ही सी ओ सिटी को पीड़ित के बयान लेकर जाँच के आदेश दे दिये और उचित करवाई का आश्वासन दिया, ज्ञापन देने वालों में जी आर टम्टा, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, विकास कुमार, हरीश लोधी, जी आर आर्य, रितिक कांत, रमेश आर्य, बहादुर चंद्र, पवन कुमार, सुरेश कुमार, नन्द किशोर, मोहित कुमार, मोहित आर्य, चन्दन चंद्र आदि उपस्थित थे।

# पायलट बाबा की संपत्ति को हड़पने का आरोप, सात के खिलाफ मुकदमा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पायलट बाबा के एक शिष्य ने पायलट बाबा की संपत्ति को हड़पने का आरोप लगाया है। शिष्य की ओर से नैनीताल जिले के पुलिस कप्तान को शिकायत करने के बाद सीजेएम कोर्ट में मामला पहुंचा। कोर्ट के निर्देश पर अब तल्लीताल थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बता दें कि पायलट बाबा के शिष्य स्वामी मंगल गिरि ने पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र देते हुए कहा था कि पायलट बाबा की महासमाधि 20 अगस्त 2024 को हुई थी, तभी से कुछ लोग बाबा व महायोग फ उंडेशन की सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करना और नुकसान पहुंचाना व हड़पना चाह रहे हैं। उन्होंने नैनीताल व दिल्ली के कई लोगों पर मिलकर षड्यंत्र के तहत महायोगी पायलट बाबा कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल एंड रिसर्च गेठिया मान्यता प्राप्ति के लिए महायोग फ उंडेशन संस्था के दस्तावेजों को फर्ज़ी तरीके से तैयार करने का आरोप लगाया था। आरोप लगाया था कि फर्जी दस्तावेज लगाकर बैंकों में खाते भी खुलवाए गए हैं साथ ही इन्ही लोगों की ओर से बाबा की फर्जी वसीयत बनाकर महायोग फाउंडेशन व बाबा की निजी चल अचल संपत्ति को छल- कपट से हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने का भी आरोप लगाया है। फ र्जी वसीयत के अतिरिक्त भी उक्त लोगों की ओर से प्रार्थी व अन्य सरकारी संस्थाओं के साथ धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने आशंका जताई है कि उक्त लोगों ने पायलट बाबा की संपत्ति को हड़पने की गरज से उनकी बीमारी का लाभ उठाकर इलाज में लापरवाही कर उनको मार दिया होगा। उन्होंने मामले में पुलिस कप्तान को पत्र लिख कार्रवाई की मांग की है। मामले में शिकायत के बाद मामले को सीजेएम कोर्ट में भी ले जाया गया जहां कोर्ट ने मामले में पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी अविनाश मौर्य ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर बिहार निवासी अमर अनिल सिंह समेत मध्यप्रदेश निवासी जय प्रकाश और दिल्ली निवासी चंद्रकला पांडे, चेतना, मुकेश कुमार सिंह, जेबी शेरावत तथा अजय कुमार सिंह के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# बाल सुधार गृह से युवक भागा, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा के पांडेखोला स्थित बाल सुधार गृह में निरुद्ध एक किशोरवय संवासी सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर फरार हो गया। इससे बाल सुधार गृह और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

अल्मोड़ा शहर के पांडेखोला स्थित बाल सुधार गृह में निरुद्ध एक किशोरवय संवासी सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर फरार हो गया। इससे बाल सुधार गृह और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। बाल सुधार गृह से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। किशोर के खिलाफ दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुरक्षा में तैनात होमगार्ड के दो जवानों के खिलाफ कमांडेंट ने जांच बैठा दी है।

घटनाक्रम के अनुसार बुधवार सुबह करीब आठ बजे जब सब अधिकारी और अन्य बाल संवासी प्रतिदिन के नित्यकर्म आदि में व्यस्त थे तभी नेपाली मूल का एक किशोर संवासी मौका पाकर बाल सुधार गृह से फरार हो गया। कुछ देर बाद जब सभी निरुद्ध किशोरों की गिनती की गई तो एक को कम पाया गया। ऐसे में होमगार्ड के जवान ने सहायक अधीक्षक शंकर सिंह अधिकारी को सूचना दी। उनकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति की जानकारी लेते हुए फरार किशोर की तलाश शुरू की। सहायक अधीक्षक शंकर दत्त अधिकारी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर फिलहाल सूचना अंकित की गई है और लापता किशोर की तलाश में पुलिस की टीम भेजी गई हैं। सीओ विमल प्रसाद ने बताया कि किशोर की तलाश की जा रही है।

## आगजनी की भेंट चढ़ा दो मंजिला लकड़ी का भवन

**उत्तरकाशी।** आग लगने से कुथनौर गांव में दो मंजिला लकड़ी का भवन जल गया। इस दौरान भवन स्वामी भी जल गया। तहसील बड़कोट के अंतर्गत कुथनौर गांव में दो मंजिला लकड़ी का भवन आगजनी के भेंट चढ़ गया। घर के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। इस दौरान आग बुझाते समय मकान मालिक प्रेम प्रसाद नौटियाल भी झुलस गए।

# यापार मंडल अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के पुत्र दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर में अपराधियों का बोल वाला देखने को मिल रहा है बाहर से आए लोगों ने कुमाऊं की शांत वादियों को अशांत बना दिया है ऐसा ही ममला बीते दिवस सामने आया है। यहां बता दे बाज़ार में ठेला लगाने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि उन्होने नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के पुत्र अनुज अग्रवाल को डेढ़ सौ मीटर तक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बुधवार दोपहर रास्ता जाम होने पर ठेला हटने को कहने पर विवाद के बाद उन पर यह हमला किया गया। व्यापारियों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने दो ठेला विक्रेताओं को गिरफ्तार कर लिया। अनुज अग्रवाल की बर्तन बाजार में बर्तनों की दुकान है। दोपहर में अनुज अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे। रास्ते में कारखाना बाजार के समीप सड़क पर कुछ विक्रेता ठेलों पर मोजे व अन्य सामान बेच रहे थे।

इससे रास्ता जाम था। ऐसे में उन्होंने ठेला किनारे करने को कहा। यह बात ठेले वालों को नागवार हुई और वे हाथापाई पर उतारू हो गए। अनुज वहां से किसी तरह बचकर निकले तो ठेला विक्रेताओं ने उन्हें दौड़ा लिया। उन्हें काफी दूरी तक जमकर पीटा। हेलमेट व अन्य चीजों से उन्हें पीटा गया। उनके सीने, गले और बाएं पैर में चोटें आईं। जानकारी पर पहुंचे अन्य व्यापारी व परिजन उन्हें लेकर अस्पताल गए और इलाज कराया।

उधर काफी संख्या में व्यापारी कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पिटाई करने वालों की सीसीटीवी के जरिये शिनाख्त की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि सिद्धार्थ राठौर और राधाकृष्ण निवासी गढ़ समता आश्रम को गिरफ्तार किया गया।

# क्रिकेट में अमेल की टीम ने ट्राफी पर कब्जा जमाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल जिले के बेतालघाट में चल रही जय अमेल माँ क्रिकेट प्रतियोगिता के बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कुनाखेत को हराकर अमेल की टीम ने ट्राफी पर कब्जा जमाया।

इससे पूर्व फाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी हेम चंद्र आर्य तथा छात्र संघ के पूर्व महासचिव व युवा समाजिक कार्यकर्ता तारा सिंह भंडारी व जिला पंचायत सदस्या मंजू आर्या द्वारा दीप जलाकर किया गया। इस दौरान तीनों अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला कुनाखेत और अमेल की ए टीम के बीच खेला गया। टॉस जीत कर कुनाखेत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में सभी विकेट खोकर 104 रन बनाए, जिसके बाद अमेल ए की टीम ने निर्धारित 14.2 ओवर में 8विकेट ने मैच अपने नाम कर लिया।

अंपायर की भूमिका उमेश बिष्ट और कुनाल कुमार ने निभाई जबकि मैच का आंखों देखा हाल शेखर फुलारा ने सुनाया। प्रतियोगिता के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथियों ने मैच जीतने वाली अमेल टीम को 21 हजार व चमचमाती ट्रॉफ ी भेंट की वही उपविजेता टीम कुनाखेत को 11 हजार व ट्रॉफ ी दी गई।

प्रतियोगिता के मेन ऑफ द मैच तथा मेन ऑफ द सीरीज नीरज बेलवाल के नाम रहा, जिन्होंने फ इनल मैच के दौरान 54रनोंकी नाबाद पारी खेली। इस मौके पर ग्राम प्रधान पूजा फुलारा समेत ज्येष्ठ प्रमुख गिरधर सिंह,कुबेर सिंह मचखोली,आनंद सिंह जलाल व गोपाल जलाल, रवि कुमार, गोधन सिंह, लीला राम, अनिल रावत, लक्की मेहरा सहित अन्य क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## योग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने 22 प्रदेशों से अल्मोड़ा पहुंचे खिलाड़ी

**अल्मोड़ा।** 38वें राष्ट्रीय खेलों की योग प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाने देश के 22 राज्यों से खिलाड़ी अल्मोड़ा पहुंचे। पुलिस के सुरक्षा घेरे के बीच 169 खिलाड़ी आयोजन स्थल एचएनबी स्पोर्ट्स स्टेडियम से होटलों तक पहुंचे।

राष्ट्रीय खेलों की 31 जनवरी से चार फरवरी तक होने वाली योग प्रतियोगिता का हिस्सा बनने बुधवार को देश भर के खिलाड़ी अल्मोड़ा पहुंचे। एचएनबी स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहुंचने पर सबसे पहले खिलाड़ियों का पंजीकरण किया गया। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई है। दोपहर करीब चार बजे तक उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, गोवा, पंजाब, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी आयोजन स्थल पहुंचे। भोजन कर खिलाड़ी कड़ी सुरक्षा के बीच होटलों को रवाना हुए। देर शाम तक दूसरे राज्यों के खिलाड़ी भी स्टेडियम पहुंचे।